**Roll No. ..................................**

Question Booklet Number

**O. M. R. Serial No.** | | | | | | | | |

# M. A. (Second Semester) (NEP) EXAMINATION, 2022-23

HINDI

## (Hindi Gadya ka Itihas)

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 8 | 0 | 1 | T |

Questions Booklet Series

**A**

*Time : 1:30 Hours* ]

[ *Maximum Marks : 75*

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, तो उसे तुरन्त बदल लें।

**(Remaining instructions on the last page)**

(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)

***(Only for Rough Work)***

1. आधुनिक हिन्दी कहानी का आरम्भ किस पत्रिका के प्रकाशन के साथ माना जाता है ?

(A) सरस्वती

(B) कविवचन सुधा

(C) इन्दु

(D) हिन्दी गल्पमाला

2. 'सरस्वती' पत्रिका में प्रकाशित होने वाली हिन्दी की पहली कहानी कौन-सी है ?

(A) मन की चंचलता

(B) इन्दुमती

(C) ग्यारह वर्ष का समय

(D) एक टोकरी मिट्टी

3. 'ग्यारह वर्ष का समय' कहानी के लेखक का नाम है :

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) माधव प्रसाद मिश्र

(C) लाला भगवान दास

(D) बंग महिला

4. निम्नलिखित में से किस कहानी के लेखक माधव प्रसाद मिश्र हैं ?

(A) प्लेग की चुड़ैल

(B) मन की चंचलता

(C) झलमला

(D) मिलन

5. 'इन्दुमती' कहानी के लेखक का नाम बताइये :

(A) माधव प्रसाद मिश्र

(B) लाला भगवान दास

(C) किशोरी लाल गोस्वामी

(D) रामचन्द्र शुक्ल

6. श्रीमती राजेन्द्र बाला घोष किस कहानीकार का वास्तविक नाम है ?

(A) बंग महिला

(B) आशा पूर्णा देवी

(C) नासिरा शर्मा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

7. निम्नलिखित कहानियों में बंग महिला की रचित कहानी का नाम है :

(A) मन की चंचलता

(B) दुलाईवाली

(C) दुखवा कासो कहूँ मोरी सजनी

(D) रक्षाबंधन

8. 'इन्दुमती' कहानी 'सरस्वती' पत्रिका में किस वर्ष प्रकाशित हुई ?

(A) सन् 1903 ई. में

(B) सन् 1907 ई. में

(C) सन् 1909 ई. में

(D) सन् 1900 ई. में

9. निम्नलिखित में से किस कहानी पर शेक्सपीयर के नाटक 'टेंपेस्ट' का प्रभाव है ?

(A) ग्यारह वर्ष का समय

(B) मन की चंचलता

(C) सेनापति ऊदल

(D) इन्दुमती

10. 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक का नाम है :

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) प्रेमचन्द

(D) जयशंकर प्रसाद

11. 'झलमला' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) वृन्दावन वर्मा

(B) राधिकारमण सिंह

(C) मुंशी ज्वाला दत्त

(D) पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी

12. मुंशी प्रेमचन्द का वास्तविक नाम क्या था ?

(A) नवाब राय

(B) धनपत राय

(C) प्रेमचंद

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. हिन्दी में प्रकाशित प्रेमचंद की पहली कहानी का नाम है :

(A) नमक का दरोगा

(B) पूस की रात

(C) सौत

(D) सवा सेर गेहूँ

14. प्रेमचन्द उर्दू में किस नाम से लिखते थे ?

(A) धनपत राय

(B) नवाब राय

(C) प्रेमचंद

(D) श्रीराम

15. जयशंकर प्रसाद की पहली कहानी का नाम है :

(A) ग्राम

(B) गुण्डा

(C) पुरस्कार

(D) ममता

16. मुंशी प्रेमचंद के किस कहानी संग्रह को अंग्रेज सरकार ने राजद्रोह के आरोप में जब्त कर लिया था ?

(A) गुप्त धन

(B) मानसरोवर

(C) ठाकुर का कुआँ

(D) सोज़े वतन

17. जयशंकर प्रसाद की कहानियों के पहले संग्रह का नाम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) इन्द्रजाल

(B) छाया

(C) प्रतिध्वनि

(D) आकाशदीप

18. 'मलबे का मालिक' कहानी के लेखक का नाम बताइये :

(A) मार्कण्डेय

(B) अमरकांत

(C) मोहन राकेश

(D) अब्दुल बिस्मिल्लाह

19. मुंशी प्रेमचंद का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) लमही

(B) वाराणसी

(C) बैजेगाँव

(D) प्रयाग

20. 'कलम का सिपाही' शीर्षक से प्रेमचंद की जीवनी किसने लिखी ?

(A) श्रीपत राय

(B) श्री अमृत राय

(C) शिवरानी देवी

(D) मदन गोपाल

21. मुंशी प्रेमचंद का कौन-सा उपन्यास अधूरा है ?

(A) गबन

(B) मंगलसूत्र

(C) निर्मला

(D) प्रेमाश्रम

22. घीसू और माधव किस कहानी के पात्र हैं ?

(A) तावान

(B) नशा

(C) स्वामिनी

(D) कफ़न

23. प्रेमचंद के उस उपन्यास का नाम बताइये जिसमें किसान के जीवन की समस्या को उद्घाटित किया गया है :

(A) निर्मला

(B) सेवासदन

(C) कायाकल्प

(D) गोदान

24. बेमेल विवाह एवं दहेज-प्रथा पर आधारित प्रेमचंद के उपन्यास का नाम बताइये :

(A) रंगभूमि

(B) कर्मभूमि

(C) कायाकल्प

(D) निर्मला

25. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास 'बाजारे हुस्न' शीर्षक से पहले उर्दू में लिखा गया था ?

(A) वरदान

(B) प्रेमाश्रम

(C) सेवासदन

(D) कर्मभूमि

26. 'होरी' प्रेमचंद के किस उपन्यास का नायक पात्र है ?

(A) कायाकल्प

(B) कर्मभूमि

(C) गोदान

(D) गबन

27. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास प्रेमचंद द्वारा नहीं लिखा गया है ?

(A) निर्मला

(B) सेवा सदन

(C) गोदान

(D) कामायनी

28. 'ग्राम' कहानी के लेखक का नाम है :

(A) प्रेमचन्द

(B) प्रसाद

(C) भीष्म साहनी

(D) मन्नू भंडारी

29. 'कंकाल' उपन्यास के लेखक का नाम है :

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) प्रेमचन्द

(C) शिवपूजन सहाय

(D) बेचन शर्मा 'उग्र'

30. 'महाभोज' उपन्यास की लेखिका का नाम है :

(A) मन्नू भण्डारी

(B) मृदुला गर्ग

(C) उषा प्रियंवदा

(D) अमृता प्रीतम

31. 'आज का अतीत' किसकी आत्मकथा है ?

(A) बलराज साहनी

(B) अखिलेश

(C) भीष्म साहनी

(D) प्रसाद

32. 'कबिरा खड़ा बाजार में' किस विधा की रचना है ?

(A) नाटक

(B) उपन्यास

(C) कहानी

(D) एकांकी

33. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास भीष्म साहनी का प्रथम उपन्यास है ?

(A) झरोखे

(B) कड़ियाँ

(C) कुंतो

(D) वसंती

34. 'चीफ की दावत' कहानी के लेखक का नाम है :

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(B) कमलेश्वर

(C) भीष्म साहनी

(D) धर्मवीर भारती

35. निम्नलिखित लेखकों में आंचलिक उपन्यासकार हैं :

(A) प्रेमचन्द

(B) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

(C) प्रसाद

(D) मन्नू भंडारी

36. 'ठेस' कहानी के लेखक निम्नांकित में से कौन हैं ?

(A) प्रेमचन्द

(B) प्रसाद

(C) कमलेश्वर

(D) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

37. कहानीकार कमलेश्वर का पहला कहानी संग्रह कौन-सा है ?

(A) कस्बे का आदमी

(B) देवी की माँ

(C) राजा निरबंसिया

(D) जॉर्ज पंचम की नाक

38. साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त उपन्यास कौन-सा है ?

(A) आगामी अतीत

(B) कितने पाकिस्तान

(C) सुबह-दोपहर-शाम

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

39. निम्नलिखित में से कौन-सा लेखक कस्बाई कथाकार के रूप में जाना जाता है ?

(A) प्रसाद

(B) प्रेमचंद

(C) कमलेश्वर

(D) मन्नू भंडारी

40. 'जूठन' किस लेखक की आत्मकथा है ?

(A) शरण कुमार लिंबाले

(B) बेचन शर्मा 'उग्र'

(C) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(D) दया पवार

41. इनमें से कौन-सा लेखक दलित साहित्यकार के रूप में प्रसिद्ध है ?

(A) काशीनाथ सिंह

(B) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(C) कमलेश्वर

(D) प्रसाद

42. भारतेन्दु की निम्नलिखित में से किस रचना को एक अंक के होने के आधार पर हिन्दी की प्रथम एकांकी माना जा सकता है ?

(A) अन्धेर नगरी

(B) विषस्य विषमौषधम्

(C) वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति

(D) पाखण्ड विडम्बन

43. जयशंकर प्रसाद की किस रचना को हिन्दी की प्रथम एकांकी के रूप में जाना गया ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) स्कन्दगुप्त

(C) ध्रुवस्वामिनी

(D) एक घूँट

44. 'बादल की मृत्यु' एकांकी के रचनाकार इनमें से कौन हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) उपेन्द्रनाथ 'अश्क'

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) डॉ. रामकुमार वर्मा

45. धर्मवीर भारती का 'अंधायुग' कौन-सी विधा की रचना है ?

(A) गीतिनाट्य

(B) एकांकी

(C) कहानी

(D) उपन्यास

46. निम्नांकित में से हिन्दी का पहला पत्र कौन-सा है ?

(A) मार्तण्ड

(B) उदंत मार्तण्ड

(C) संवाद कौमुदी

(D) बंगाल गजट

47. राजा राममोहन राय ने सन् 1821 में किस पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ किया ?

(A) प्रजाहितैषी

(B) बंगदूत

(C) संवाद कौमुदी

(D) जागरण

48. 'कविवचन सुधा' पत्रिका का प्रकाशन किस साहित्यकार ने आरम्भ किया ?

(A) बालमुकुंद गुप्त

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) प्रतापनारायण मिश्र

49. ‘बनारस अखबार’ के संपादक का नाम है :

(A) लल्लू लाल

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) राजा लक्ष्मण सिंह

(D) राजा शिवप्रसाद ‘सितारे हिंद’

50. ‘मतवाला’ पत्र का सम्पादन कहाँ से हुआ ?

(A) इलाहाबाद

(B) कलकत्ता

(C) बनारस

(D) कानपुर

51. प्रारम्भ में ‘सरस्वती’ पत्रिका का संपादन कहाँ से होता था ?

(A) लखनऊ

(B) इलाहाबाद

(C) कानपुर

(D) काशी

52. गांधीजी द्वारा संपादित किस साप्ताहिक समाचार-पत्र का गुजराती संस्करण ‘नवजीवन’ नाम से प्रकाशित किया गया ?

(A) यंग इण्डिया

(B) हरिजन सेवक

(C) हरिजन

(D) इण्डियन ओपीनियन

53. जीवनी साहित्य का आरम्भ किस युग से हुआ ?

(A) आदिकाल

(B) द्विवेदीकाल

(C) भारतेन्दुकाल

(D) छायावाद काल

54. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की जीवनी-साहित्य से सम्बन्धित पुस्तक कौन-सी है ?

(A) दुर्लभ बंधु

(B) पूर्णप्रकाश चंद्रप्रभा

(C) बूँदी का राजवंश

(D) एक अद्भुत अपूर्व स्वप्न

55. इनमें से काका कालेलकर द्वारा लिखित जीवनी ग्रंथ कौन-सा है ?

(A) बापू के कारावास की कहानी

(B) बापू की झाँकियाँ

(C) बापू के कदमों में

(D) अकाल पुरुष गांधी

56. ‘क्या भूलूँ क्या याद करूँ’ में किस रचनाकार की आत्मकथा वर्णित है ?

(A) सुमित्रानंदन पंत

(B) हरिवंशराय बच्चन

(C) निराला

(D) महादेवी वर्मा

57. 'विलायत यात्रा' किसकी रचना है ?

(A) प्रताप नारायण मिश्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

58. 'अरे यायावर ! रहेगा याद' किस लेखक की रचना है ?

(A) अज्ञेय

(B) राहुल सांकृत्यायन

(C) नागार्जुन

(D) शंकरदयाल सिंह

59. यायावरों के मार्ग निर्देशन के लिए राहुल सांकृत्यायन ने किस पुस्तक की रचना की है ?

(A) राहुल यात्रावली

(B) यात्रा के पन्ने

(C) घुमक्कड़शास्त्र

(D) किन्नर देश में

60. संस्मरण और रेखाचित्र में कौन-सी रचना महादेवी वर्मा की नहीं है ?

(A) पथ के साथी

(B) अतीत के चलचित्र

(C) स्मृति की रेखाएँ

(D) हमारे आराध्य

61. रामवृक्ष बेनीपुरी की किस कृति में जेल-जीवन पर आधारित संस्मरण संकलित हैं ?

(A) जंजीरें और दीवारें

(B) मील के पत्थर

(C) लाल तारा

(D) गेहूँ और गुलाब

62. संस्मरणात्मक गद्य लेखक 'गिल्लू' किस लेखक की रचना है ?

(A) प्रसाद

(B) महादेवी वर्मा

(C) पंत

(D) निराला

63. हिन्दी साहित्य के इतिहास का प्रथम लेखक निम्नांकित में से कौन है ?

(A) जॉर्ज ग्रियर्सन

(B) शिवसिंह सेंगर

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) गार्सा द तॉसी

64. 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' ग्रंथ का लेखक निम्नलिखित में से कौन है ?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) डॉ. रामकुमार वर्मा

(D) लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय

65. हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा में मिश्रबंधुओं ने किस ग्रंथ द्वारा अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ?

(A) मिश्रबंधु विनोद

(B) शिवसिंह सरोज

(C) हिन्दी शब्द सागर

(D) हिन्दी साहित्य

66. हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन से पूर्व किस प्रसिद्ध ग्रंथ में हिन्दी के विभिन्न कवियों के जीवनवृत्त एवं कृतित्व का परिचय मिलता है ?

(A) गुरुग्रंथ साहिब

(B) भक्त नामावली

(C) चौरासी वैष्णवन की वार्ता

(D) श्रृंगार-संग्रह

67. 'द मॉडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान' का लेखक निम्नांकित में से कौन है ?

(A) जॉर्ज ग्रियर्सन

(B) गार्सा द ताँसी

(C) रैने बैलफ

(D) गिलक्राइस्ट

68. हिन्दी साहित्य के इतिहास की परम्परा में सर्वोच्च स्थान किस लेखक को मिला है ?

(A) रामकुमार वर्मा

(B) शिवसिंह सेंगर

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) धीरेन्द्र वर्मा

69. किस आलोचक ने आदिकाल को 'बीजवपन काल' नाम से अभिहित किया है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) श्यामसुंदर दास

(D) रामकुमार वर्मा

70. आधुनिककाल की प्रारम्भिक सीमा क्या मानी गई है ?

(A) 1900 ई.

(B) 1750 ई.

(C) 1850 ई.

(D) 1920 ई.

71. भारतेन्दु युग को पुनर्जागरण काल की संज्ञा किसने दी ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) जॉर्ज ग्रियर्सन

(C) रामकुमार वर्मा

(D) डॉ. नगेन्द्र

72. आधुनिककाल में आधुनिकता के फलस्वरूप साहित्य में किस प्रवृत्ति का समावेश हुआ ?

(A) भक्ति-भावना

(B) राष्ट्रीय चेतना

(C) श्रृंगार भावना

(D) प्रकृतिचित्रण

73. किस निबंध-रचना में कर्जन के भारत विरोधी कारनामों पर व्यंग्यात्मक शैली में प्रहार किया गया है ?

(A) कुछ उथले कुछ गहरे

(B) शिवशंभू के चिट्ठे

(C) बात-बात में मात

(D) मेरा देश वापस लाओ

74. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का निबन्ध-संकलन 'चिंतामणि' नाम से कितने भागों में प्रकाशित हुआ ?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

75. "नाखून क्यों बढ़ते हैं" निबन्ध किसकी रचना है ?

(A) प्रताप नारायण मिश्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) सरदार पूर्णसिंह

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

76. 'राजा भोज का सपना' निबंध किसकी रचना है ?

(A) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) शिवप्रसाद 'सितारे हिंद'

(D) प्रताप नारायण मिश्र

77. 'तुम चंदन हम पानी' निबंध के रचयिता का नाम है :

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) प्रताप नारायण मिश्र

(C) श्यामसुन्दर दास

(D) पं. विद्यानिवास मिश्र

78. 'अशोक के फूल' निबंध संग्रह निम्नलिखित में से किस निबन्धकार की रचना है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) विद्यानिवास मिश्र

(D) रामवृक्ष बेनीपुरी

79. ‘बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।’ यह कथन किस निबन्धकार के निबन्ध से उद्धृत है ?

(A) प्रताप नारायण मिश्र

(B) बालमुकुंद गुप्त

(C) बाबू गुलाबराय

(D) रामचन्द्र शुक्ल

80. निम्नलिखित आलोचकों में किसने कबीरदास पर आलोचनात्मक पुस्तक लिखी है ?

(A) रामविलास शर्मा

(B) मुक्तिबोध

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) रामचन्द्र शुक्ल

81. निम्नलिखित रचनाकारों में आधुनिक समीक्षक किसे माना जाता है ?

(A) तुलसीदास

(B) मीराबाई

(C) महादेवी वर्मा

(D) डॉ. नामवर सिंह

82. किस काल की कहानियाँ मध्यकालीन प्रेमकथाओं, लोककथाओं व स्वप्नकथाओं पर आधारित थीं ?

(A) प्रेमचंदयुगीन

(B) प्रेमचंदोत्तर

(C) प्रेमचंदपूर्व

(D) नवलेखन काल

83. हिन्दी की नई कहानी के बाद समग्र आन्दोलनों को कौन-सा एक नाम दिया जा सकता है ?

(A) नूतन कहानी

(B) समकालीन कहानी

(C) यथार्थवादी कहानी

(D) बीसवीं शताब्दी की कहानी

84. देवकीनन्दन खत्री का उपन्यास ‘चंद्रकांता’ किस श्रेणी का उपन्यास है ?

(A) सामाजिक

(B) तिलिस्मी

(C) जासूसी

(D) रोमानी

85. हिन्दी का प्रथम उपन्यास कौन-सा है ?

(A) परीक्षागुरु

(B) नूतन ब्रह्मचारी

(C) रहस्यकथा

(D) त्रिवेणी

86. ‘ठेठ हिन्दी का ठाठ’ उपन्यास के लेखक का नाम है :

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) अयोध्यासिंह उपाध्याय ‘हरिऔध’

87. ‘बाणभट्ट की आत्मकथा’ किस विधा की रचना है ?

(A) कहानी

(B) नाटक

(C) संस्मरण

(D) उपन्यास

88. महाकवि कालिदास के जीवन पर आधारित नाटक निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) जय-पराजय

(B) आषाढ़ का एक दिन

(C) लहरों का राजहंस

(D) स्कन्दगुप्त

89. ‘धर्मयुग’ पत्रिका के सम्पादक का नाम है :

(A) प्रेमचन्द

(B) कमलेश्वर

(C) धर्मवीर भारती

(D) निराला

90. “केवल अतीत ही वर्तमान को प्रभावित नहीं करता, वर्तमान भी अतीत को प्रभावित करता है।” इतिहास लेखन के प्रयोजन के सन्दर्भ में यह उक्ति किसकी है ?

(A) टी. एस. इलियट

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) जॉर्ज लुकाच

(D) श्यामसुन्दर दास

91. “विलक्षण बात यह है कि आधुनिक गद्य साहित्य की परम्परा का प्रवर्तन नाटक से हुआ।” उपर्युक्त कथन किस इतिहासकार का है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) बच्चन सिंह

(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

92. “भाषा ठीक करने से पहले मैं मनुष्यों को ठीक करना चाहता हूँ, समझे।” प्रस्तुत संवाद ‘चन्द्रगुप्त’ नाटक के किस पात्र का है ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) चाणक्य

(C) वररुचि

(D) राक्षस

93. “महत्वाकांक्षा का मोती निष्ठुरता की सीपी में पलता है।” यह प्रसादजी के किस नाटक का अंश (कथन) है ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) स्कन्दगुप्त

(C) अजातशत्रु

(D) ध्रुवस्वामिनी

94. “मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति साफ हो जाती है। जन्मभर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं, सारे दृश्यों के रंग साफ होते जा रहे हैं, समय की धुंध बिल्कुल उन पर से हट जाती है।” उक्त कथन किस कहानी से उद्‌धृत है ?

(A) सिक्का बदल गया

(B) कानों में कंगना

(C) परिंदे

(D) उसने कहा था

95. ‘गोदान’ उपन्यास का कौन-सा पात्र प्रेमचन्द के प्रगतिशील दार्शनिक विचारों का वाहक माना जाता है ?

(A) मिस्टर खन्ना

(B) प्रोफेसर मेहता

(C) ओंकारनाथ

(D) भोला

96. ‘सुनन्दा’ और ‘कालिन्दीचरण’ जैनेन्द्र की किस कहानी के पात्र हैं ?

(A) पत्नी

(B) अपना-अपना भाग्य

(C) वातायन

(D) फाँसी

97. आधुनिककाल को ‘गद्यकाल’ नाम किस इतिहासकार ने दिया ?

(A) डॉ. नगेन्द्र

(B) रामविलास शर्मा

(C) मिश्रबन्धु

(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

98. हिन्दी साहित्य का प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार किसे मिला ?

(A) सुमित्रानंदन पंत

(B) रामधारी सिंह ‘दिनकर’

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) महादेवी वर्मा

99. हिन्दी समाचार-पत्र (पत्रिका) ‘प्रताप’ के पहले संपादक का नाम है :

(A) मुंशी प्रेमचन्द

(B) गणेशशंकर विद्यार्थी

(C) सुभाष चन्द्र बोस

(D) बालकृष्ण शर्मा ‘नवीन’

100. ‘घीसू और माधव’ प्रेमचन्द की किस कहानी के पात्र हैं ?

(A) ईदगाह

(B) बूढ़ी काकी

(C) पूस की रात

(D) कफ़न

4. Four alternative answers are mentioned for each question as—A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

**Example :**

**Question :**

Q. 1 (A) ● (C) (D)

Q. 2 (A) (B) ● (D)

Q. 3 (A) ● (C) (D)

Illegible answers with cutting and over-writing or half filled circle will be cancelled.

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

6. All answers are to be given on OMR Answer sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

8. After the completion of the examination candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

9. There will be no negative marking.

10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

11. To bring and use of log-book, calculator, pager and cellular phone in examination hall is prohibited.

12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. :** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is ny discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.

4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर—A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR आन्सर-शीट में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 (A) ● (C) (D)

प्रश्न 2 (A) (B) ● (D)

प्रश्न 3 (A) ● (C) (D)

अपठनीय उत्तर या ऐसे उत्तर जिन्हें काटा या बदला गया है, या गोले में आधा भरकर दिया गया, उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा।

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

6. सभी उत्तर केवल ओ. एम. आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

7. ओ. एम. आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

11. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैलकुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

महत्वपूर्ण : प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।